आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 226 | उज्जैन, रविवार 06 जुलाई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता को मिल रहे नए आयाम-मुख्यमंत्री

### नए कार्यों में सहकारी समितियों को दी जा रही है प्राथमिकता

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के सहकारिता क्षेत्र को नए आयाम मिल रहे हैं। दुग्ध-उत्पादन, औद्योगिक विकास सहित अन्य क्षेत्रों में हो रहे नए कार्यों में सहकारी समितियों को प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता समाज को एक करने के साथ ही युवाओं को बेरोजगारी से बचाने का माध्यम है। रोजगार का अर्थ सिर्फ सरकारी नौकरी नहीं है। युवाओं को स्वरोजगार और स्वावलंबन से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार



संकल्पित है और वर्ष 2025 को रोजगार एवं उद्योग वर्ष के रूप में मना रही है। उन्होंने तीन नए आपराधिक कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटी है, क्योंकि आंख पर पट्टी रहते हुए न्याय कैसे हो सकता है। नागरिकों के मूल अधिकार संविधान में उल्लेखित हैं और इसी भावना से व्यक्तियों के आपसी स्वावलंबन और सहभागिता का समावेश सहकारिता में है। वर्तमान सरकार में सहकारिता को लेकर व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी है। नई समिति की पंजीयन प्रक्रिया 30 दिन में पूर्ण की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस के अवसर पर समन्वय भवन में म.प्र. राज्य सहकारी संघ एवं अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज की ओर से आयोजित सहकारी युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

## राजस्थान में भीड ने युवक को उतारा मौत के घाट



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के भीलवाड़ा से मॉब लिचिंग की एक घटना सामने आई है, जहां 25 साल के शख्स पर लात-घूंसे बरसाते हुए भीड़ ने उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने 36 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी शरीफ को गिरफ्तार कर लिया है। मॉब लिचिंग की यह घटना कार और ठेले की टक्कर के बाद देखने को मिली। 4 लोगों से सवाल एक कार और ठेले में मामूली टक्कर हो गई, जिसके बाद गुस्साई भीड़ ठेले वाले के पक्ष में आ खड़ी हुई और कार में मौजूद 25 वर्षीय शख्स पर हमला बोल दिया।

क्या है पूरा मामला- दरअसल टोंक छावनी के रहने वाले 4 लोग एक दोस्ती की बहन की शादी में शिरकत करने जा रहे थे। भीलवाड़ा की जहाजपुर मेन मार्केट से गुजरते हुए कार अचानक एक ठेले से टकरा गई। यह ठेला चांद मोहम्मद का था, जिसे उसका बेटा शरीफ चला रहा था। टक्कर के फौरन बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और कार में बैठे 25 वर्षीय सीताराम को घसीटकर बाहर निकाला।

बीच सड़क पर ले ली जान- भीड़ सीताराम को घीसटकर बीच सड़क पर ले गई। इस दौरान सीताराम हाथ जोड़ माफी मांग रहा था और दुर्घटना में हुए नुकसान की भरपाई करने की भी बात कह रहा था, लेकिन भीड़ ने उसकी एक नहीं सुनी और उसपर लात-घूंसे बरसाना शुरू कर दिया।

## MNS कार्यकर्ताओं ने सुशील केडिया के दफ्तर पर किया हमला



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर चल रहा विवाद सियासी गलियारों से होता हुआ उद्योपतियों के दफ्तर तक जा पहुंचा है। राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने मशहूर बिजनेसमैन सुशील केडिया के ऑफिस पर हमला बोल दिया। ईंट-पत्थर मारकर ऑफिस में तोड़फोड़ की गई। MNS कार्यकर्ताओं की यह हरकत सुशील केडिया के मराठी न सीखने वाले बयान के बाद देखने को मिली है। दफ्तर में मौजूद गार्ड ने कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश की, लेकिन पत्थर खत्म होने तक वो नहीं रुके।

सुशील ने किया था पोस्ट 3 जुलाई को सुशील केडिया ने राज ठाकरे को टैग करते हुए लिखा था कि उन्हें मराठी नहीं आती, इसके बावजूद वो पिछले 30 साल से महाराष्ट्र में रह रहे हैं।

MNS कार्यकर्ताओं ने बोला हमला- सुशील केडिया की इस पोस्ट के बाद MNS के कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क गया और कुछ ही देर में उन्होंने केडिया के दफ्तर पर हमला बोल दिया।

## भगोड़े नीरव मोदी का भाई निहाल अमेरिका में गिरफ्तार, CBI-ED के प्रत्यर्पण अनुरोध पर कसा शिकंजा



नई दिल्ली (एजेंसी)। भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई निहाल मोदी को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई ने उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया था। इन अनुरोध के बाद अमेरिका में निहाल मोदी को गिरफ्तार कर लिया गया।

अमेरिकी न्याय विभाग ने गिरफ्तारी की पुष्टि कर दी है। उसके खिलाफ न्यूयॉर्क में भी कई मामले दर्ज हैं। निहाल पर 2.6 मिलियन डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। अब निहाल को भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा।

13,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप- निहाल मोदी को 17 जुलाई को अदालत में पेश किया जाएगा, जहां वह जमानत की मांग कर सकता है। लेकिन अमेरिकी अधिकारी कोर्ट में इसका विरोध करेंगे। बता दें कि निहाल पर पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े 13,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। इस घोटाले की साजिश नीरव, निहाल और उसके चाचा मेहुल चोकसी ने रची थी।

नीरव मोदी इस वक्त लंदन की जेल में बंद है। नीरव की अपराध से जुटाई संपत्ति को व्हाइट मनी में बदलने का काम निहाल ही करता था। उस पर फर्जी कंपनी बनाने और विदेशी लेनदेन की आड़ में काले धन को छिपाने और उसके हेरफेर सहित कई मामले दर्ज हैं।

ईडी ने जो आरोपपत्र दाखिल किया था, उसमें निहाल पर सबूतों को मिटाने और नीरव के अवैध कामों में जानबूझकर सहायता करने का आरोप था। ईडी के मुताबिक, पीएनबी घोटाला सामने आने के बाद निहाल ने नीरव के करीबी मिहिर आर भंसाली के साथ मिलकर दुबई से 50 किलो सोना और भारी मात्रा में कैश निकाल लिया था।

## बंगाल के पूर्वी बर्धमान में खाली पड़े घर में देसी बम फटने से जोरदार विस्फोट



नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले में एक देसी बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि घटना कटवा उप-विभाग के राजोआ गांव में रात करीब 8.30 बजे हुई थी, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। पुलिस ने बताया कि विस्फोट इतना भयानक था कि जिस घर में बम बनाने का काम चल रहा था, उसकी टीन की छत उड़ गई।

खाली पड़े घर में हुआ विस्फोट- स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट एक खाली पड़े घर में हुआ, जहां अक्सर असामाजिक तत्व आते रहते हैं और कथित तौर पर देसी बम बनाते हैं।

एक निवासी ने बताया, लगातार दो जोरदार धमाके हुए, जिससे पूरा इलाका हिल गया। धमाके की वजह से आसपास के घरों के दरवाजे और खिड़कियां हिल गईं।

पुलिस ने बरामद किया जला हुआ शव- घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई थी और घर के अंदर से जला हुआ शव बरामद किया। तूफान चौधरी नाम का एक अन्य व्यक्ति इस घटना में घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शुरुआती जांच से पता चला है कि एक स्थानीय असामाजिक तत्व ने घर के अंदर देशी बम बनाने के लिए कुछ बदमाशों को बुलाया था, तभी विस्फोट हो गया और एक व्यक्ति की मौत हो गई।


## दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को किया ढेर



नई दिल्ली (एजेंसी)। शनिवार को छत्तीसगढ़ एक बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर हुई इस मुठभेड़ में दो माओवादियों की मौत हो गई है। पुलिस ने आज यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई, जब सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ माओवादी कैडरों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान शुरू किया गया था।

## भाजपा को मिल सकती है पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष, रेस में हैं ये 3 नाम




नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में संगठनात्मक बदलाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन को लेकर चल रही खींचतान के बीच सूत्रों के हवाले से खबर है कि भाजपा पहली बार किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा ने हाल के वर्षों में महिला मतदाताओं को लुभाने में सफलता पाई है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों में यह सफलता मिली है। आपको बता दें कि जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में समाप्त हो चुका था, लेकिन पार्टी ने उन्हें जून 2024 तक का विस्तार दिया था। अब नए अध्यक्ष की घोषणा अगले कुछ दिनों में हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक तीन प्रमुख महिला नेताओं के नाम चर्चा में हैं।

निर्मला सीतारमण - वर्तमान वित्त मंत्री और पूर्व रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण पार्टी संगठन में गहरी पैठ और केंद्र सरकार में लंबे अनुभव के चलते सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं। हाल ही में उन्होंने भाजपा मुख्यालय में जेपी नड्डा और महासचिव बीएल संतोष के साथ बैठक की थी। उनका दक्षिण भारत से आना भाजपा के दक्षिण विस्तार रणनीति के लिए भी फायदेमंद माना जा रहा है।

डी. पुरंदेश्वरी - आंध्र प्रदेश भाजपा की पूर्व अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी काफी अनुभवी और बहुभाषी नेता हैं। कई राजनीतिक दलों के साथ काम करने का अनुभव और पार्टी में व्यापक स्वीकार्यता है। उन्हें ऑपरेशन सिंदूर जैसे अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक अभियान का हिस्सा भी बनाया गया था।

वनाथी श्रीनिवासन - तमिलनाडु की कोयंबटूर दक्षिण सीट से विधायक और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुकी वनाथी श्रीनिवासन 1993 से भाजपा से जुड़ीं और संगठन में कई पदों पर रह हैं। 2022 में केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य बनीं और ऐसा करने वाली पहली तमिल महिला नेता। संघ का समर्थन - सूत्र बताते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इस विचार को समर्थन दिया है कि भाजपा को अब एक महिला को शीर्ष नेतृत्व में लाना चाहिए। यह कदम 33% महिला आरक्षण विधेयक की भावना के अनुरूप भी होगा, जिसका प्रभाव अगले परिसीमन के बाद लोकसभा में दिखेगा।

# वैज्ञानिकों ने खोजा पानी से भरपूर सुपर अर्थ, पृथ्वी से है चार गुना अधिक भारी; यहां सिर्फ 4 दिन का होता है एक साल



नई दिल्ली (एजेंसी)। हमारे सौर मंडल को लेकर हर कोई उत्सुक रहता है कि आखिर अंतरिक्ष में क्या-क्या है? इसके लिए वैज्ञानिक तरह-तरह की खोज करते रहते थे। इस बीच वैज्ञानिकों ने सौर मंडल से बहुत दूर एक नया सुपर अर्थ ग्रह खोजा है।

यह सुपर अर्थ पृथ्वी से लगभग दो गुना बड़ा है और चार गुना अधिक भारी है। यह खोज NASA के TESS मिशन की मदद से की गई है।

वैज्ञानिकों ने इस ग्रह का नाम TOI-1846b रखा गया है और यह पृथ्वी से करीब 154 प्रकाश वर्ष दूर है। इस नए ग्रह का आकार लगभग 1.792 पृथ्वी रेडियस है और इसका भार पृथ्वी से 4.4 गुना अधिक है।

वैज्ञानिकों ने TOI-1846b के बारे में क्या-क्या बताया- TOI-1846b अपने तारे की परिक्रमा मात्र 3.93 दिनों में पूरी कर लेता है।

यानी इसका एक साल सिर्फ चार दिनों जितना होता है।

ग्रह की सतह का तापमान करीब 568 केल्विन (लगभग 295एष्ट) अनुमानित किया गया है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि यह ग्रह जल से भरपूर हो सकता है, लेकिन इसकी पुष्टि के लिए और परीक्षणों की आवश्यकता है।

वैज्ञानिकों ने TOI-1846b की पुष्टि न केवल ञ्चश्वस्स के डाटा से, बल्कि जमीन-आधारित कलर फोटोग्राफी, उच्च-रिजॉल्यूशन इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपिक अवलोकनों से भी की है।

इस ग्रह की संरचना को बेहतर ढंग से समझने के लिए Radial Velocity (RV) Observations की आवश्यकता है, जिसे MAROON-X जैसे आधुनिक यंत्र से संभव बनाया जा सकता है।

TSM (Transmission Spectroscopy Metric) स्कोर इस ग्रह के लिए 47 है, जोकि छोटे ग्रहों में जीवन खोजने के लिए आदर्श स्कोर 90 से थोड़ा कम है।

TOI-1846 की जानकारी- TOI-1846 नाम का तारा जिसकी परिक्रमा यह ग्रह करता है, सूर्य के आकार का लगभग 40% है और इसका भार भी 0.42 सौर द्रव्यमान है।

इस तारे की सतह का तापमान 3568 केल्विन है और इसकी उम्र भी इस ग्रह की तरह करीब 7.2 अरब साल बताई गई है।

दूसरा सुपर-अर्थ- HD 20794d- इस साल की शुरुआत में वैज्ञानिकों ने एक और सुपर-अर्थ ग्रह HD 20794d खोजा था। यह पृथ्वी से 20 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है और इसका द्रव्यमान पृथ्वी से छह गुना ज्यादा है।

यह ग्रह एक ऐसे तारे की परिक्रमा करता है जो सूरज जैसा है और ग्रह हैबिटेबल जोन में स्थित है, जिससे वहां तरल जल की संभावना जताई गई है।

हालांकि, इसकी कक्षा वृत्ताकार न होकर अंडाकार है, जिससे वहां जीवन की संभावना पर संदेह बना हुआ है।

# शहबाज शरीफ ने भारत के खिलाफ फिर उगला जहर, अजरबैजान जाकर अलापा कश्मीर का राग; पहलगाम हमले पर कही ये बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगला है। शहबाज ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को दुर्भाग्यपूर्ण तो बताया, लेकिन साथ ही भारत पर क्षेत्रीय शांति को अस्थिर करने का आरोप भी मढ़ दिया।

पाकिस्तान में आतंकी किस तरह पाले जाते हैं और उन्हें वहां की सरकार और सेना का संरक्षण किस हद तक प्राप्त है, ये पूरी दुनिया को पता है। लेकिन शहबाज शरीफ की हिम्मत देखिए कि आतंकवाद को एक्सपोर्ट करते-करते उन्होंने भारत को नसीहत दे दी है।

अजरबैजान पहुंचे थे शहबाज शरीफ- दरअसल शहबाज शरीफ अजरबैजान में आयोजित आर्थिक सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में पहुंचे थे। यहां उन्होंने फिर से कश्मीर का राग अलापा और भारत पर कई आरोप लगाए। शहबाज ने इस दौरान इजरायल पर भी निशाना साधा और गाजा व ईरान में हुए हमले की निंदा की।

शहबाज शरीफ ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के प्रति अकारण शत्रुता पाली और क्षेत्रीय शांति को अस्थिर करने का प्रयास किया। बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले ली थी।

इस हमले में 25 टूरिस्ट और एक स्थानीय नागरिक की मौत हो गई थी। भारत ने कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया और पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इसके बाद भारत और पाकिस्तान में संघर्ष शुरू हो गया था।

## ट्रंप के ब्यूटीफुल बिल के खिलाफ मस्क ने खोला मोर्चा, एक पोस्ट से मची सनसनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए ब्यूटीफुल बिल के खिलाफ टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने मोर्चा खोल दिया है। 4 जुलाई को अमेरिका में स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है, इसी दिन अरबपति और टेस्ला सीईओ अलन मस्क ने अमेरिकी राजनीति में अपने एक पोस्ट से भूचाल ला दिया।ॉ


उन्होंने देश की तीसरी राजनीतिक पार्टी बनाने के विचार को हवा दी।

एलन मस्क सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर राजनीतिक पार्टी बनाने को लेकर एक सर्वे पोस्ट किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि क्या हमें अमेरिका पार्टी बनाना चाहिए?

मस्क के पोस्ट पर लोगों की प्रतिक्रिया- मस्क के इस पोस्ट पर लोगों की तमाम तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही है। एक यूजर ने कमेंट किया, एलन मस्क की तरफ से तीसरी पार्टी बनाना टेस्ला और स्पेसएक्स से काफी मिलता-जुलता है। सफलता की संभावना कम है, लेकिन यह सफल रहा तो खेल पूरी तरह से बदल जाएगा।

इस कमेंट पर अरबपति मस्क ने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि यह केवल विचार नहीं है, इसे लेकर संभावित रणनीति पर भी काम कर सकते हैं।

## जर्मनी में युवाओं का रोल मॉडल बन रहा हिटलर, सोशल मीडिया पर नफरत का प्रचार




नई दिल्ली (एजेंसी)। जर्मनी में कट्टरपंथ और नस्लभेद बहुत तेजी से पनप रहा है। पूर्वी राज्य सैक्सनी-अनहाल्ट के डेसाउ, ड्रेसडेन और बर्लिन जैसे शहरों की सड़कों और दीवारों पर नाजी प्रतीक, हिटलर के समर्थन में बनाए गए चित्र और नफरत भरे नारे आम हो रहे हैं। ये समस्या सिर्फ कुछ शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे जर्मनी में इस तरह का चलन सा बनता जा रहा है।

स्कूल-कॉलेज और अन्य इमारतों की दीवारों पर विदेशी बाहर जाएं जैसे नारे लिखे गए हैं। साथ ही हिटलर की फोटो छापी गई है। स्कूलों में बच्चे हिटलर सैल्यूट करते हैं, थर्ड जेंडर विरोधी गाने गाते हैं और शुद्ध जर्मन वर्ग की बात करते हैं। इतना ही नहीं कुछ तो अपराध करने के लिए सोशल मीडिया पर ग्रुप भी बना रहे हैं।

नाजी होना बन चुका है पॉप कल्चर का हिस्सा- पूर्वी जर्मनी के ग्रामीण इलाकों में नाजी होना पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुका है और दीवारों पर अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट के गाने हेल हिटलर लिखना अब कुछ लोगों को कूल लगता है। बीते एक साल में राजनीत से प्रेरित अपराधों में 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

# ब्राजीलियन बट लिफ्ट सर्जरी ने ली एक और जान, अमेरिका में पुलिस अधिकारी की दर्दनाक मौत




नई दिल्ली (एजेंसी)। खूबसूरत और सबसे अलग दिखने की चाह कई बार लोगों की जान ले लेती है। ऐसा ही एक मामला अमेरिका से सामने आया है, जहां पर ब्राजीलियन बट लिफ्ट सर्जरी कराने के बाद अमेरिकी पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। सर्जरी के बाद 26 साल की वाइल्डेलिस रोजा को भयंकर दर्द की शिकायत हुई थी।

महिला पुलिस अधिकारी की मौत उनके जन्मदिन के एक दिन बाद 23 मार्च हुई। इससे पहले 19 मार्च को उन्होंने साउथ फ्लोरिडा के प्रेस्टीज प्लास्टिक सर्जरी क्लिनिक में सर्जरी से पहले ब्लड की जांच कराई और फिर अगले दिन डॉक्टरों ने उनके शरीर के चारों ओर 12 अलग-अलग हिस्सों से फैट निकालकर नितंबों में इंजेक्ट किया। सर्जरी के लिए रोजा ने लगभग 6 लाख 41 हजार रुपये दिए।

सांस लेने में हुई परेशानी और फिर मौत- 22 मार्च को रोजा ने अपने परिजनों से बातचीत की और इस सर्जरी के बारे में बताया। उनकी बहन एनामिन वाजक्वेज ने कहा कि रोजा ने बताया था कि उन्हें कुछ परेशानी हो रही है। उनके जन्मदिन के दिन मैसेज भी किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके अलावा रोजा की मित्र ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि सर्जरी के बाद रोजा डॉक्टरों से मिलने के लिए गईं और उनसे भयंकर दर्द की शिकायत की। उन्होंने ये भी कहा कि वो किराए के घर में रहती थी और उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी। साथ ही ब्लड प्रेशर भी कम हो रहा था।

रोजा की मित्र ने आगे बताया कि मरने से एक दिन पहले उनका रंग पीला पड़ गया था।

# मोदी मैजिक! NSC में भारत की स्थाई सदस्यता का इस देश ने किया खुलकर समर्थन




नई दिल्ली (एजेंसी)। कैरेबियाई देश त्रिनिदाद और टोबैगो पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू चला है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थाई सदस्यता को लेकर इस देश ने खुलकर समर्थन किया है। पीएम मोदी की यात्रा के बीच कैरेबियाई देश ने इसकी घोषणा की।

पीएम मोदी और उनकी समकक्ष कमला प्रसाद- बिसेसर के बीच बातचीत के बाद भारत और त्रिनिदाद और टोबैगो ने बुनियादी ढांचे और फार्मास्यूटिकल्स समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 6 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो में रहने वाले भारतीय समुदाय की छठी पीढ़ी तक को ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड जारी करने की घोषणा की। इस देश में 40 प्रतिशत से ज्यादा आबादी भारतीय मूल की है।

संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की जरूरत पर जोर- शनिवार को जारी संयुक्त बयान के मुताबिक, महत्वपूर्ण बात यह है कि त्रिनिदाद और टोबैगो ने विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत को अपना पूर्ण समर्थन देने की पुष्टि की है। वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए मोदी और बिसेसर ने संयुक्त राष्ट्र में व्यापक सुधारों की जरूरत पर बल दिया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार भी शामिल है, ताकि वर्तमान वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिम्बित किया जा सके।

# पुतिन के हाइपरसोनिक मिसाइल हमले के बाद यूक्रेन का काउंटर अटैक, रूस के मिलिट्री एयरफील्ड को बनाया निशाना



नई दिल्ली (एजेंसी)। यूक्रेन ने रूस पर पलटवार करते हुए शनिवार (05 जुलाई, 2025) को उसके मिलिट्री एयरफील्ड पर हमला किया। इस बात की जानकारी यूक्रेन की सेना ने सोशल मीडिया के जरिए दी। यूक्रेनी सेना ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के विशेष बलों ने शनिवार को वोरोनिश क्षेत्र में रूस के बोरिसोग्लेबस्क सैन्य हवाई क्षेत्र पर हमला किया, जिसमें ग्लाइडर बम स्टोर और एक ट्रेनर एयरक्राफ्ट को निशाना बनाया गया। सेना ने आगे कहा कि अन्य विमानों पर भी हमला होने की संभावना है। हालांकि सेना ने इसकी कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। बयान में कहा गया, यह हवाई क्षेत्र दुश्मन के Su-34, Su-35S और Su-30SM विमानों का घरेलू बेस है।

रूस ने रात भर किया यूक्रेन पर हमला- वहीं, रूस ने सबसे बड़ा हवाई हमला करते हुए ड्रोन और मिसाइलों से रात भर यूक्रेन को निशाना बनाया। इस हमले में एक शख्स की मौत हो गई और एक बच्चे समेत कम से कम 26 लोग घायल हुए। अधिकारियों ने बताया कि कीव में सात घंटे तक चली बमबारी से राजधानी के कई जिलों में भारी नुकसान हुआ है।

रात के समय आसमान में धमाकों की रोशनी फैल गई और हवाई हमले के सायरन की आवाजें पूरे शहर में गूंजने लगीं।

# भारत में जन्मों की तुलना में मौतों का अनुपात ज्यादा



नई दिल्ली (एजेंसी)। जब कोविड-19 महामारी फैली, तो सभी को पता था कि मौतों की संख्या सामान्य से ज्यादा होगी और जैसा कि उम्मीद थी वैसा ही हुआ। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि महामारी के चरम पर पहुंचने के बाद भी 2022 में जन्मों के मुकाबले मौतों का अनुपात बहुत ज्यादा रहा। मध्य प्रदेश और राजस्थान को छोड़कर लगभग हर राज्य में जन्मों के मुकाबले मौतों का अनुपात 2019 के स्तर तक नहीं आया है।

वास्तव में, ज्यादातर लोगों के लिए यह 2020 की तुलना में भी अधिक है, जो यह दर्शाता है कि यह केवल एक अस्थायी कोविड झटका नहीं था, बल्कि संभवतः एक दीर्घकालिक जनसांख्यिकीय बदलाव था। उदाहरण के लिए, गोवा को ही लें। 2022 में, मौतों की संख्या जन्मों का 87 प्रतिशत थी, जो 2019 में दर्ज 70 प्रतिशत के स्तर से कहीं अधिक थी और 2020 की तुलना में भी अधिक थी। चौंका रहे इन राज्यों के आंकड़े तमिलनाडु में भी इसी तरह का रुझान देखने को मिलता है, जहां 2022 में यह अनुपात 74 प्रतिशत था, जो 2020 के बराबर है, लेकिन कोविड से पहले के 67 प्रतिशत के आंकड़े से काफी ऊपर है। केरल का अनुपात भी 74 प्रतिशत पर बना हुआ है, जो 2019 के 56 प्रतिशत से काफी ऊपर है। सिक्किम, जिसकी प्रजनन दर सभी भारतीय राज्यों में सबसे कम है। यहां भी 2022 में 61 प्रतिशत का अनुपात देखा गया, जो कोविड से पहले के वर्ष 2019 और महामारी के वर्ष 2020 दोनों से अधिक है।

## वीडियो रिकॉर्ड कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने किया सुसाइड



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के उदयपुर से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां पर एक 55 साल की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

अपनी जान देने से पहले उसने एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया था। इस वीडियो में मृतका ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

मंदिर के पास खाया जहर- घटना की जांच कर रही पुलिस के अनुसार, महिला की पहचान अंजूबाला दलाल के तौर पर हुई है। उसने शुक्रवार रात धानमंडी क्षेत्र में दिल्ली गेट पर हनुमान मंदिर के पास जहर खा लिया।

धानमंडी स्टेशन हाउस ऑफिसर रवींद्र सिंह ने बताया कि उसने जहर खाने के बाद अपने बेटे को फोन किया और उसे अपनी हालत के बारे में बताया। परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है।

## थाई लायन एयर की फ्लाइट तकनीकी खराबी की वजह से वापस लौटी



नई दिल्ली (एजेंसी)। एक के बाद एक विमानों के रद होने की सूचना से हवाई यात्रियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली एक फ्लाइट, जो बैंकाक जाने वाली थी, तकनीकी खराबी के चलते वापस पार्किंग स्टैंड पर लौट आई। अधिकारियों ने बताया कि 130 यात्रियों और सात क्रू मेंबर्स के साथ थाई लायन एयर की फ्लाइट शनिवार को तकनीकी खराबी की वजह से वापस लौटी और बाद में पार्किंग बे में उसे खड़ा किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट को दिनभर के लिए रद कर दिया गया है।

विमान में फ्लैप से संबंधित समस्या आई- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक, विमान की शुक्रवार देर रात 1ः35 बजे कोलकाता में लैंडिंग हुई और उसे कोलकाता से बैंकाक डॉन मुआंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए तड़के 2ः35 बजे टेकऑफ करना था।

बोइंग 737 नई पीढ़ी के विमान में फ्लैप से संबंधित समस्या आ गई और इसलिए विमान को वापस पार्किंग वे में लाया गया जिसके बाद उड़ान रद हो गई। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने कहा कि विमान में फ्लैप उड़ान भरने और उतरने दोनों के दौरान बहुत अहम होते हैं।

## बिहार में वोटर लिस्ट में संशोधन का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। गैर सरकारी संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान का चुनाव आयोग का आदेश रद करने की मांग की है।

याचिका में कहा है कि चुनाव आयोग का यह आदेश संविधान के अनुच्छेद 14,19,21,325 और 326 और जनप्रतिनिधित्व कानून 1950 और उसके रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टोर्स रूल 1960 के नियम 21ए का उल्लंघन करता है, इसलिए चुनाव आयोग का बिहार में मतदाता सूची का विशेष सघन पुनरीक्षण करने का 24 जून का आदेश रद किया जाए।

लाखों वोटर्स का अधिकार हो सकता है समाप्त- एडीआर ने दाखिल याचिका में कहा है कि अगर चुनाव आयोग का यह आदेश रद नहीं किया जाता, तो यह बिना उचित प्रक्रिया के मनमाने ढंग से लाखों मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर सकता है। इससे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कमजोर होगा जो कि संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है।

याचिका में यह भी कहा गया है कि इसमें जिस तरह उचित प्रक्रिया का पालन किये बगैर कम समय में जो दस्तावेज और चीजें मांगी जा रही हैं उससे लाखों वास्तविक मतदाता मतदाता सूची से बाहर हो सकते हैं। वे मतदान के अधिकार से वंचित हो सकते हैं।

कई नियमों का बताया गया उल्लंघन- कहा गया है कि इस आदेश के जरिए चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में शामिल होने की पात्रता साबित करने की जिम्मेदारी नागरिकों पर डाल दी है। आधार और राशन कार्ड जैसे सामान्य पहचान दस्तावेजों को बाहर करके यह प्रक्रिया हाशिए पर पड़े समुदायों और गरीबों पर प्रतिकूल असर डालती है।

इस प्रक्रिया में मतदाताओं के लिए न सिर्फ अपनी नागरिकता साबित करने के लिए बल्कि अपने माता-पिता की नागरिकता साबित करने के लिए भी दस्तावेज पेश करने की आवश्यकता से अनुच्छेद 326 का उल्लंघन होता है।

## 25 जुलाई को अयोध्या से चलेगी रामायण स्पेशल ट्रेन



नई दिल्ली (एजेंसी)। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक राम मंदिर का उद्घाटन किया। तब से अयोध्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु राम जन्मभूमि के दर्शन करने अयोध्या पहुंचते हैं। ऐसे में अब भारतीय रेलवे ने भी श्रद्धालुओं को खास सौगात देने की तैयारी कर ली है।


IRCTC जल्द ही पांचवी रामायण ट्रेन को हरी झंडी दिखाने वाला है। यह ट्रेन उत्तर प्रदेश के अयोध्या से रामेश्वरम तक चलाई जाएगी। 17 दिन की इस यात्रा में लोग भगवान राम से जुड़ी कई जगहों के दर्शन कर सकेंगे। कहां से कहां तक चलेगी ट्रेन?

श्री रामायण यात्रा के नाम से शुरू होने वाली यह ट्रेन 25 जुलाई 2025 को अयोध्या से चलेगी। अयोध्या से होते हुए रामायण स्पेशल ट्रेन नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर, बक्सर, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, नासिक और हम्पी के रास्ते दक्षिण भारत के रामेश्वरम तक जाएगी। इस पूरे सफर के दौरान श्रद्धालु भगवान राम से जुड़ी 30 से अधिक जगहों के दर्शन कर सकेंगे।

रामायण स्पेशल ट्रेन का पांचवा सफर- IRCTC के अनुसार, राम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा लगता है। ऐसे में प्रभु श्रीराम के जीवन को समझने के लिए रामायण ट्रेन का सफर बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। IRCTC के अधिकारियों ने कहा- श्री राम जन्मभूमि के उद्घाटन के बाद यह पांचवा रामायण टूर है। इससे पहले 4 बार यह ट्रेन श्रद्धालुओं को यह सैर करवा चुकी है, जिसके बाद लोगों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिला है।

कितना होगा सफर का खर्च- अयोध्या से रामेश्वरम तक की इस ट्रेन में सभी कोच एसी डब्बे के होंगे। ट्रेन में फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड एसी देखने को मिलेगा, जिसका किराया प्रति यात्री के हिसाब से निर्धारित किया गया है।

## 24 लीटर पेंट पोतने में लगे 443 मजदूर और 215 मिस्त्री, 3 लाख से ज्यादा का आया बिल



एवं समस्त भवन निर्माण मटेरियल उपलब्ध है।

क्रमांक : 240 दिनांक : 05/05/25

| क्र. | विवरण | मात्रा | दर | कीमत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लेबर पेमेन्ट | 168 | 400 | 67200-00 |
| 2 | मिस्त्री | 65 | 600 | 39000-00 |
| 3 | आयल पेन्ट | 4 ली. | 196 | 784 |
| | | | योग- | 106984 |
| | | | कुल योग- | 106984 |

Principal Govt. H.S. Sakandi Distt. Shahdol (M.P.)

जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल (म.प्र.)

ग्राम-इन्दवार, ग्राम पंचायत- ओदारी, तह.-ब्योहारी, जिला-शहडोल (म.प्र.)
हमारे यहां- इलेक्ट्रिक सामग्री, मैकेनिकल सामग्री, गिट्टी, रेत, मुरुम, ईंटा एवं समस्त भवन निर्माण मटेरियल उपलब्ध है।

क्रमांक : 241 दिनांक : 05/05/25

| क्र. | विवरण | मात्रा | दर | कीमत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लेबर पेमेन्ट | 275 | 400 | 110.000-00 |
| 2 | मिस्त्री | 150 | 600 | 90.000-00 |
| 3 | आयल पेन्ट | 20 ली. | 400 | 8000-00 |
| 4 | खिड़की 10 नग | 170 kg | 85 | 14450-00 |
| 5 | दरवाजा फ्लाईंग | 4 नग | 2300 | 9200-00 |
| | | | योग- | 231650-00 |

Principal Govt. H.S.S. Nipaniya Distt. Shahdol (M.P.)

जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल (म.प्र.)

नई दिल्ली (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के शिक्षा विभाग में एक गजब का घोटाला सामने आया है। शहडोल के स्कूल की रंगाई-पुताई व मरम्मत के नाम पर ही घोटाला कर दिया गया। दरअसल, इस बात की पोल सोशल मीडिया पर वायरल बिल से खुली।

स्कूल में 24 लीटर पेंट करने में तीन लाख रुपये खर्च करने का बिल पास हुआ है और संबंधित जिम्मेदारों ने सरकारी राशि को निकालकर इसी हिसाब से खर्च भी कर लिया है।

ब्यौहारी के शासकीय हाईस्कूल संकदी में घोटाला- यह घोटाला जिले के ब्यौहारी विकासखंड की शासकीय हाईस्कूल संकदी और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निपनिया में किया गया है। इंटरनेट मीडिया में बिल प्रसारित होने के बाद कलेक्टर डा. केदार सिंह के संज्ञान में यह मामला आया तो उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची को नोटिस देकर जबाब मांगा है और संबंधित स्कूलों के जिम्मेदारों से राशि वसूली करने के आदेश जारी किए गए है।

कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

इसी के साथ कलेक्टर ने यह भी आदेश दिया कि जितने स्कूलों में इस तरह मरम्मत व रंगाई-पोताई के नाम राशि खर्च की गई है, सभी की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मालूम हो कि हाई स्कूल सक्कन्दी में 4 लीटर आयल पेंट की खरीद की गई थी, जिसकी कीमत 784 बताई गई है (196 रुपये प्रति लीटर), लेकिन इस पेंट को दीवार में लगाने के लिए 168 मजदूरों और 65 मिस्त्रियों से काम करना बताया गया, जिसमें उनको मजदूरी का भुगतान 1,06,984 रुपये किया गया है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः

उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य



सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 कृष्ण एकादशी


## संपादकीय

# किसी भी क्षेत्र में कोई भी काम अकेले करते हैं तो उनकी क्षमता सीमित होती है



किसी भी क्षेत्र में कोई भी काम अकेले करते हैं तो उनकी क्षमता सीमित होती है परंतु यदि वही एक से अधिक व्यक्तियों के सामूहिक कार्यों से किया जाए तो उनकी ताकत, बल, संसाधन,ज्ञान तेजी से कई गुना अधिक हो जाता हैजिसमें आने वाली हर चुनौतियों का  मुकाबला कर सफलता पांनें की सटीक कुंजी है,यानें हम आपसी सहयोग कर एक संगठन बनाकर, जिसे सहकारी समिति कहा जाता है, कोई भी काम मजबूती से कर सकते हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट यह मानता हूं कि सहकारी समितियां ÷एक और एक ग्यारह÷ की तरह काम करती हैं क्योंकि वे सदस्यों के सामूहिक प्रयासों और सहयोग के माध्यम से अधिक ताकत और सफलता प्राप्त करती हैं। व्यक्तिगत रूप से, सदस्यों की क्षमताएं सीमित हो सकती हैं, लेकिन जब वे एक साथ आते हैं और एक सहकारी समिति के रूप में काम करते हैं, तो वे अधिक संसाधन, ज्ञान और शक्ति प्राप्त करते हैं, जिससे वे बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और अधिक हासिल कर सकते हैं।संसाधनों का एकीकरण, जोखिम साझा करना,ज्ञान और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान,बार्गेनिंग पावर, सामुदायिक विकास क़ा लक्ष्य होता है, क्योंकि सब मिलकर कर रहे हैं, इसीलिए ही हम 5 जुलाई 2025 शनिवार को हम अंतरराष्टीय सहकारिता दिवस मना रहे हैं। चूँकि वैश्विक स्तरपर सहकारी उद्यनशीलता पारिस्थितिकी तंत्र प्रतिष्ठा को मजबूत करना, सहयोगपूर्ण कानून व नीतिगत कार्य मील क़ा पत्थर साबित होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है, सहकारिता क्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक संगम से सटीक सफ़लता की गारंटी हैं, सहकारिता एक बेहतर दुनियाँ के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान है।

साथियों बात अगर हम 5 जुलाई 2025 शनिवार को अंतरराष्टीय सहकारी दिवस मनानेकी करें तो सहकारिता- बेहतर विश्व के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान को आगे बढ़ाना इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है,क्योंकि यह संयुक्त राष्ट अंतर्राष्टीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान हो रहा है - एक दुर्लभ, दशक में एक बार आने वाला अवसर,जो अधिक न्यायपूर्ण, अधिक लचीले समाजों के निर्माण में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के दौर में, इस वर्ष की थीम बहुत कुछ कहती है। सहकारी समितियाँ - अपने सदस्यों के स्वामित्व वाली और उनके द्वारा संचालित व्यवसाय - यह दिखा रही हैं कि लाभ से पहले लोगों, ग्रह और उद्देश्य को प्राथमिकता देकर मजबूत समुदायों का निर्माण कैसे संभव है। स्वास्थ्य और आवास से लेकर कृषि, वित्त और स्वच्छ ऊर्जा तक, सहकारी समितियाँ वास्तविक दुनिया के समाधान प्रदान कर रही हैं जो समावेशी, लोकतांत्रिक और टिकाऊ हैं।कॉप्सडे 2025 दो प्रमुख वैश्विक प्रयासों से भी जुड़ता है- संयुक्त राष्ट का उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच , जो प्रमुख सतत विकास लक्ष्यों की समीक्षा कर रहा है, और सामाजिक विकास के लिए आगामी दूसरा विश्व शिखर सम्मेलन । ये मील के पत्थर हमें याद दिलाते हैं कि सहकारी समितियाँ केवल स्थानीय समाधान नहीं हैं - वे बदलाव के लिए एक वैश्विक आंदोलन का हिस्सा हैं।सहकारी दिवस 2025 मनाने में हमारे साथ शामिल हों , और जागरूकता बढ़ाने में मदद करें कि कैसे सहकारी समितियां बेहतर विश्व के लिए प्रगति में सहायक हो रही हैं।

# मान सिंह



मान सिंह राजा भगवानदास के पुत्र थे। अपनी बुद्धिमानी, साहस, सम्बन्ध और उच्च वंश के कारण अकबर के राज्य के स्तम्भों और सरदारों के अग्रणी थे। इनके कार्यों और व्यवहार से इन्हें बादशाह कभी फर्जंद और कभी मिरज़ा राजा के नाम से पुकारते थे।

राणा और मानसिंह का युद्ध- सन 1576 ई. के अन्त में मानसिंह राणा कोका (महाराणा प्रतापसिंह) को दण्ड देने पर नियत हुए। सन् 1577 ई. के आरम्भ में गुलकन्द के पास, जिसे चित्तौड़ के अनन्तर बनवाया था, घोर युद्ध हुआ। इसमें राजा रामसाह ग्वालियरी पुत्रों के साथ मारा गया। इसी मारङ्काट में राणा और मानसिंह का सामना होने पर युद्ध हुआ और घायल होने पर राणा भाग गए। राजा मानसिंह ने उनके महलों में उतर कर हाथी रामशाह को दूसरी लूट के साथ दरबार भेजा। परन्तु जब मानसिंह ने उस प्रान्त को लूटने की आज्ञा नहीं दी, तब बादशाह ने इन्हें राजधानी में बुलाकर दरबार आने की मनाही कर दी।

काबुल का शासक नियुक्त - जब राजा भगवंतदास पंजाब के सूबेदार नियत हुए, तब सिंध के पार सीमांत प्रान्त का शासन कुँवर मानसिंह को दिया गया। जब 30वें वर्ष में अकबर के सौतेले भाई मिरज़ा मुहम्मद हक़ीम की मृत्यु हो गई, तब इन्होंने आज्ञानुसार फुर्ती से काबुल पहुँचकर वहाँ के निवासियों को शान्ति दी और उसके पुत्र मिरज़ा अफ़रासियाब और मिरज़ा कँकुवाद को राज्य के बुरेङ्कभले अन्य सरदारों के साथ लेकर वे दरबार आए। अकबर ने सिंध नदी तक ठहर कर कुँवर मानसिंह को काबुल का शासनकर्ता नियत किया। इन्होंने बड़ी बहादुरी के साथ रूशानी जाति वालों को लुटेरेपन और विद्रोह से खैबर के रास्ते रोके हुए थे, पूरा दण्ड दिया।

जब राजा बीरबल स्वाद प्रान्त में यूसुफ़जई के युद्ध में मारे गए और जैनख़ाँ कोका और हक़ीम अबुल फ़तह दरबार बुला लिए गए, तब यह कार्य मानसिंह को सौंपा गया। जब जाबुलिस्तान के शासन पर भगवंतदास नियुक्त हुए और सिंध पार होने पर पागल हो गए, तब उस पद पर कुँअर मानसिंह नियत हुए।

कछ्वाहों की जाग़ीर- 32वें वर्ष में जब यह ज्ञात हुआ कुँअर ठण्डे देश के कारण घबरा गया है और राजपूत जाति जाबुलिस्तान की प्रजा पर अत्याचार करती है, किन्तु कुँअर दुःखियों का पक्ष नहीं लेता, तब उसे वहाँ से बुला कर पूर्व की ओर उसके लिए जाग़ीर नियुक्त की गई। स्वयं रूशानियों का दमन करना निश्चित किया। उसी वर्ष जब बिहार प्रान्त में कछ्वाहों की जाग़ीर नियुक्त हुई तब कुँअर मानसिंह वहाँ का शासनकर्ता नियत हुआ।

पाँच हज़ारी मनसब- 34वें वर्ष में इनके पिता की मृत्यु पर इन्हें राजा की पदवी और पाँच हज़ारी मनसब मिला। जब यह बिहार गए तब पूर्णमल कंधोरिया पर (जो बड़ा घमण्ड करता था) चढ़ाई करके उसके बहुत से स्थानों पर अधिकार कर लिया। वह नयारस्त दुर्ग में जा बैठा और वहाँ पर से उसने संधि का प्रस्ताव किया। वहाँ से लौट कर इन्होंने राजा संग्राम सिंह पर चढ़ाई की जिसने संधि करके हाथी और उस ओर की अन्य वस्तुएँ भेंट में दीं। राजा मानसिंह पटना लौट आया और रणपति चरवा पर चढ़ाई कर वहाँ से बहुत लूट पाई।

उड़ीसा पर चढ़ाई- जब उस प्रान्त के बलवाइयों ने फिर से सिर उठाया, तब 35 वर्ष में इन्होंने झारखंड के रास्ते से उड़ीसा पर चढ़ाई की। उस प्रान्त के शासनकर्ता सर्वदा अलग शासन करते थे। इससे कुछ पहले प्रतापदेव नामक राजा था, जिसके पुत्र वीरसिंह देव ने अपने बुरे स्वभाव के कारण पिता का पद लेना चाहा और अवसर मिलने पर उसे विष दे दिया, जिससे वह मर गया। तेलंगाना से आकर मुकुंददेव नामक एक पुरुष इनके यहाँ पर नौकर हो चुका था। वह इस बुरे काम से घबरा कर पुत्र से बदला देने की फ़िक्र में पड़ा। उसने यह प्रकट किया कि मेरी स्त्री मुझे देखने आती है। इस प्रकार बहाना कर शस्त्रों से भरी हुई डोलियाँ दुर्ग में जाने लगीं और बहुत सा युद्ध का सामान दो सौ अनुभवी मनुष्यों के साथ दुर्ग में पहुँच गया। वहाँ उसका काम जल्दी समाप्त हो गया और उसे सरदारी मिल गई। यह कोई अच्छी चाल नहीं है कि पूर्वजों के संचित कोष पर राजा अधिकार कर ले; पर इसने कोष के सत्तर तालों को तोड़कर उनमें का संचित धन ले लिया। यद्यपि इसने दान बहुत किया, पर यह आज्ञापालन के रास्ते से हट गया।

सुलेमान किर्रानी ने, जिसका बंगाल पर अधिकार हो गया था, अपने पुत्र वायजीद को झारखण्ड के रास्ते से इस प्रान्त पर भेजा और इसकंदर ख़ाँ उजबेग़ को, जो अकबर के पास विद्रोह करके सुलेमान किर्रानी के पास चला आया, था साथ कर दिया। राजा ने अपने सुख के कारण दो सेनाएँ झपटराय और दुर्गा तेज़ के अधीन भेजी। ये दोनों स्वामीद्रोही शत्रु के सेनाध्यक्षों से मिल कर युद्ध से लौट आए। बड़ी अतिष्ठा हुई। निरुपाय होकर राजा ने शरीर का त्यागना विचार कर बायजीद का सामना किया। उसकी अधीनता में घोर युद्ध हुआ। जिसमें राजा और झपटराय मारे गए तथा दुर्गा तेज़ सरदार हुआ। सुलेमान ने उसको कपट से अपने पास बुलवा कर मरवा डाला और प्रान्त पर अपना अधिकार कर लिया।

मुनइम ख़ाँ ख़ानख़ानाँ और ख़ानेजहाँ तुर्कमान की सूबेदारी में उस प्रान्त से बहुतेरे सरदार साम्राज्य में चल आए। बंगाल के सरदारों की गड़बड़ी में कतलू ख़ाँ लोहानी वहाँ प्रबल हो उठा। जब राजा उसी वर्ष प्रान्त में गया तब कतलू ने उन पर चढ़ाई की। जब बादशाही सेना परास्त हो गई, तब राजा दृढ़ नहीं रह सकते थे। पर कतलू (जो की बीमार था) एकाएक मर गया और उसके प्रधान ईसा ने उसके छोटे पुत्र नसीर ख़ाँ को सरदार बनाकर राजा से संधि कर ली। राजा जगन्नाथ जी का मन्दिर उसकी भूसम्पत्ति सहित लेकर बिहार लौट गए। यह मन्दिर हिन्दुओं के प्रसिद्ध तीर्थों में से एक है और परसोतम नगर में समुद्र के पास है। उसमें श्रीकृष्ण जी, उनके भाई और बहिन की चंदन की मूर्तियाँ हैं।

जगन्नाथ मंदिर- कहते हैं कि इससे चार हज़ार और कुछ वर्ष पहले नीलगिरि पर्वत के शासनकर्ता राजा इन्द्रमणी ने किसी महात्मा के कहने पर बड़ा नगर बसाया। राजा को एक रात्रि स्वप्न हुआ कि उसे एक दिन एक लकड़ी बावन अंगुल लम्बी और डेढ़ हाथ चौड़ी मिली है। वह ईश्वर का शरीर है और उसे लेकर उसने गृह में सात दिन तक बन्द रखा है। इसके अनन्तर इसी मन्दिर में रखकर उसने उसके पूजन का प्रबन्ध किया है। जब उसकी निद्रा खुली, तब जगन्नाथ जी नाम रखा। कहते हैं कि सुलेमान किर्रानी के नौकर काला पहाड़ ने जब वहाँ पर अधिकार किया, तब उसने इस लकड़ी को आग में डाल दिया था, पर वह जली ही नहीं। तब उसने उसे नदी में फिंकवा दिया। पर वह फिर से लौट आई। कहते हैं कि इस मूर्ति को छह बार स्नान कराते और नए वस्त्र धारण कराते हैं। पचासङ्कसाठ ब्राह्मण सेवा में रहते हैं। प्रति वर्ष (जब बड़ा रथ खींचकर उस मूर्ति के सामने लाते हैं तब) बीस सहस्त्र मनुष्य साथ में रहते हैं। उस रथ में सोलह पहिए लगे हुए हैं। उस पर मूर्तियों को सवार कराते हैं और उपदेश देते हैं कि जो उसे खींचेगा, पाप से शुद्ध हो जाएगा। संसार की कठिनाई न देखकर उससे बहुत सी सिद्धाई देखना चाहते हैं।

जब तक कतलू का वक़ील ईसा जीवित रहा, तब तक उसने राजा के साथ की हुई प्रतिज्ञा की रक्षा की।

उसके अनन्तर कतलू के पुत्रों ख्वाजा सुलेमान और ख्वाजा उसमान ने संधि भंग कर विद्रोह आरम्भ कर दिया। 37वें वर्ष राजा ने उनका दमन करने के लिए और उस प्रान्त पर अधिकार करने के लिए दृढ़ संकल्प किया। बंगाल का सूबेदार सईद ख़ाँ भी पहुँचा। कड़े युद्धों के अनन्तर वे परास्त होकर भागे और राजा रामचन्द्र की शरण में (जो कि उस प्रान्त का भारी भूम्याधिकारी था) गए। यद्यपि सईद ख़ाँ बंगाल लौट गया, पर राजा ने पीछा करने से हाथ न उठाकर सारंगगढ़ को[9] घेर लिया। निरुपाय होकर उसने राजा से भेंट की। सरकार ख़लीफ़ाबाद में उनके लिए जाग़ीर नियत करके सन् 1000 हि. में उड़ीसा प्रान्त को साम्राज्य में मिला लिया

खुसरो का अभिभावक नियुक्त- 39वें वर्ष सन् 1002 हि. में (सुल्तान खुसरो को पाँच हज़ारी मनसब और उड़ीसा जाग़ीर में मिला था) राजा मानसिंह उसका अभिभावक नियुक्त होकर बंगाल और उस प्रान्त का शासनकर्ता हुआ।

# कितना सुरक्षित और फायदेमंद है आपका निवेश, बताता है यह जादुई फॉर्मूला



नई दिल्ली (एजेंसी)। क्या आप आपने पैसे को सही जगह निवेश करना चाहते हैं, लेकिन जोखिम से डरते हैं? तो चिंता छोड़ दें, क्योंकि शार्प रेशियो आपके लिए एक आसान तरीका लेकर आया है। यह आपको बताएगा कि आपका निवेश कितना सुरक्षित और फायदेमंद है। इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं शार्प रेशियो के बारे में हर एक डिटेल, ताकि आप अपने पैसे को समझदारी से इन्वेस्ट करें और उसे समझदारी से बढ़ा सकें। तो चलिए जानते हैं कि आखिर क्या होता है शार्प रेशियो, इसका इस्तेमाल कैसे करें?

यह एक आसान फॉर्मूला है, बताता है कि आपका निवेश कितना सुरक्षित है और कितना फायदा दे रहा है। यह सिर्फ रिटर्न ही नहीं, बल्कि उस रिटर्न के पीछे के रिस्क का भी अंदाजा लगाता है। निवेशक इसका इस्तेमाल इसलिए करते हैं ताकि वे पता लगा सकें कि पैसा कहां इंवेस्ट करना है और कहां नहीं।

इसे कैलकुलेट करना काफी आसान है। इसके लिए रिस्क-फ्री रिटर्न (जैसे-सरकारी बॉन्ड) को आपके फंड के रिटर्न से घटाएं। फिर इस अंतर को फंड की वोलैटिलिटी (जोखिम) से डिवाइड करें। मान लीजिए कि एक म्यूचुअल फंड 12% का रिटर्न देता है और रिस्क-फ्री रेट 6% है, तो वोलैटिलिटी 10त्न है। इसका मतलब है कि हर 0.6 यूनिट रिस्क पर 1 यूनिट रिटर्न मिल रहा है।

कैसे करें इस्तेमाल- जब आप किसी म्यूचुअल फंड का चुनाव कर रहे हों तो शार्प रेशियो को जरूर देखें। इसे आसान भाषा में समते हैं। मान लीजिए कि दो फंड्स 15त्न रिटर्न देते हैं, लेकिन एक का शार्प रेशियो 1.1 और दूसरे का 0.8 है, तो पहला फंड बेहतर है। अस्थिर बाजारों में ये रेशियो आपको सही फैसला लेने में मदद करता है।

क्या करें निवेशक- अगर आप कहीं इन्वेस्ट कर रहे हैं तो शार्प रेशियो को ध्यान में रखें। हाई शार्प रेशियो वाला फंड चुनें, जो रिस्क के साथ अच्छा रिटर्न दे। साथ ही, अन्य खर्चों जैसे फंड मैनेजमेंट फीस पर भी नजर रखें। इससे आपकी कमाई और बढ़ सकती है।

## ट्रेड डील पर अमेरिका से वार्ता जारी, क्या ई-कॉमर्स बंद किया जा सकता है?



नई दिल्ली (एजेंसी)। वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया के सभी प्रमुख विकसित देशों के साथ दर्जन भर से अधिक देश इन दिनों भारत के साथ व्यापार समझौता के लिए बातचीत कर रहे हैं या करने वाले हैं। वैश्विक व्यापार भले ही गिर रहा है, लेकिन भारत का कुल निर्यात लगातार बढ़ रहा है। गत वित्त वर्ष में भी देश का वस्तु व सेवा निर्यात 825 अरब डालर रहा है। पेश हैं निर्यात व उद्योग प्रोत्साहन को लेकर सरकार की मंशा व नीति से जुड़े मुद्दों पर वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से राजनीतिक संपादक आशुतोष झा और सहायक संपादक राजीव कुमार की बातचीत के प्रमुख अंश...

सवाल- पिछले 11 सालों में निर्यात में 120 अरब डालर की वृद्धि कैसे हुई?

जवाबः नया उत्पाद, नया बाजार और नए निर्यातकों पर हमारे प्रधानमंत्री ने जोर दिया। हमने 20 संभावित बाजार को चिह्नित किया और निर्यात के छह सेक्टर पर खासा जोर दिया। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव जैसी स्कीम लाई गई। इन सबका नतीजा यह हुआ कि वित्त वर्ष 2014-15 में देश का वस्तु निर्यात जो 310 अरब डालर था, वह वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 437 अरब डालर तक पहुंच गया। सर्विस निर्यात को भी इसमें मिला दें तो यह आंकड़ा 825 अरब डालर तक पहुंच जाता है।

# IPO खुलने से पहले ही कंपनी ने जुटाए 599 करोड़, टूट पड़े निवेशक




नई दिल्ली (एजेंसी)। यह कंपनी भारत, मलेशिया और हॉन्गकॉन्ग के एयरपोर्ट्स पर क्विक सर्विस रेस्टोरेंट और लाउंज चलाती है, जो अब 2000 करोड़ रुपए का आईपीओ लाने जा रही है। यह आईपीओ 7 जुलाई को खुलेगा और 9 जुलाई को बंद होगा। ट्रैवल फूड सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ खुलने से पहले ही ग्रे मार्केट में 82 से 94 रुपए के प्रीमियम पर पहुंच गया। इसने IPO ओपन होने से पहले ही 599 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं।

Travel Food Services IPO बेसिक डिटेल्स

प्राइस बैंड- 1,045 से लेकर 1,100 रुपए

लॉट साइज- 13 शेयर्स

न्यूनतम निवेश- 13,585 से 14,300 रुपए- IPO का प्राइस बैंड 1,045 रुपए से 1,100 रुपए प्रति शेयर है। इसमें 7-8% की बढ़त देखी जा रही है। अनुमान है कि लिस्टिंग पर एक शेयर की कीमत 1192 से 1194 रुपए तक जा सकती है। यानी अगर आप 14,300 रुपए में 13 शेयर खरीदते हैं और लिस्टिंग पर 1,192 रुपए मिलता है, तो उसकी कीमत 15,496 रुपए होगी। यानी लगभग 8% का तुरंत मुनाफा होगा।

किस कैटेगरी का है IPO- यह IPO ऑफर फॉर सेल कैटेगरी का है। इसका मतलब है कि इस IPO में कोई नया शेयर जारी नहीं किया जा रहा, बल्कि मौजूदा शेयर होल्डर यानी कपूर फैमिली ट्रस्ट अपने 2,000 करोड़ रुपए के शेयर को बेच रहा है। इस प्रोसेस में कंपनी को कोई नया पैसा नहीं मिलेगा। यह सिर्फ प्रमोटर द्वारा शेयर बेचने का तरीका है।

## चीन का टूटा घमंड! UP की धरती से ये कंपनी निकालेगी रेयर अर्थ एलिमेंट्स; सरकार से मिला लेटर ऑफ इंटेंट



नई दिल्ली (एजेंसी)। रेयर अर्थ एलिमेंट्स का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक चीन ने इसके निर्यात पर अप्रैल में प्रतिबंध लगा दिया था, जिसके असर भारत समेत दुनिया के कई बड़े देशों पर पड़ा। रेयर अर्थ एलिमेंट्स का इस्तेमाल मुख्य तौर पर इलेक्ट्रिक व्हीकल और प्रमुख ऑटो पार्ट्स को बनाने में किया जाता है।

चीन द्वारा Rare Earth Elements के निर्यात पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भारत ने इसके उत्पादन में और भी तेजी ला दी है। भारत की माइनिंग कंपनियां दुर्लभ खनिजों की माइनिंग में लगी हैं। इसी कड़ी में देश की लीडिंग माइनिंग कंपनी वेदांता की सहायक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को यूपी सरकार से दुर्लभ खनिजों की माइनिंग करना का ठेका मिला है।

कंपनी को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में 210.01 हेक्टेयर में फैले नवाटोला-लाबंद रेयर अर्थ एलिमेंट ब्लॉक पर माइनिंग करने के लिए कंपोजिट लाइसेंस देने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट प्राप्त हुआ है।

LoI मिलने पर क्या बोले हिंदुस्तान जिंक के CEO- इस बिड को जीतने पर हिंदुस्तान जिंक के CEO अरुण मिश्रा ने कहा, हिंदुस्तान जिंक के पास रेयर अर्थ एलिमेंट्स में गहन विशेषज्ञता है। यह अधिग्रहण तेजी से आर्थिक विकास के लिए देश के खनिज सुरक्षा लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में हमारे रणनीतिक कदम के अनुरूप है।

# ये शेयर कर देगा मालामाल, 10 फेसवैल्यू के शेयर पर मिल रहा 512 रुपए का डिविडेंड; बस 28 जुलाई से पहले खरीद लो




नई दिल्ली (एजेंसी)। हम आपको ऐसे कंपनी के बारे में बता रहे हैं जो सबसे ज्यादा डिविडेंड देने वाले कंपनी के रूप में शामिल हो रही है। हम आपको बॉश के बारे में बता रहे हैं। जिसने वित्तीय वर्ष 2024-25 में बढ़िया परफॉर्म किया।

अब वह अपने शेयरधारकों को एक बड़ा तोहफा दे रही है। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की 27 मई को हुई बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। इनमें 512 रुपये प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड है। इसकी रिकॉर्ड डेट 29 जुलाई है। कंपनी का शेयर आज 4.43 फीसदी की तेजी के साथ 36,020 रुपये बंद हुआ।

डिविडेंड में बड़ा उछाल- कंपनी ने इस वर्ष 512 प्रति शेयर (10 के फेस वैल्यू पर) का फाइनल डिविडेंड घोषित किया है। पिछले साल की तुलना में यह डिविडेंड 375 था (इंटरिम और फाइनल मिलाकर)। अगर शेयरहोल्डर्स AGM में इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हैं, तो 18 अगस्त 2025 के बाद इसका भुगतान कर दिया जाएगा। Bosch Ltd की 73वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन 5 अगस्त 2025 (मंगलवार) को किया जाएगा।

Bosch Limited Share Price Performance: 5 साल में 198.49 का रिटर्न- Bosch Limited Share के रिटर्न की बात करें इसके शेयर ने 5 साल में 198 फीसदी से आधिक रिटर्न दिया है। वहीं 1 साल में 1.85% फीसदी उछला है। एक महीने में इसने 9.05 फीसदी का रिटर्न दिया है। वहीं 1 हफ्ते में 6.32 फीसदी का रिटर्न दिया है। शेयर से जुड़े अपने सवाल आप हमें business@jagrannewmedia.com पर भेज सकते हैं।

## टाटा स्टील को बड़ा झटका?




नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा ग्रुप की टाटा स्टील को बड़ा झटका लगा है। कंपनी को 1902 करोड़ रुपए का एक डिमांड नोटिस मिला है। इसे ओडिशा में जाजपुर के डिप्टी डायरेक्टर ऑफ माइंस की ओर से भेजा गया है। यह नोटिस 3 जुलाई को जारी किया गया। यह कंपनी के सुकिंदा क्रोमाइट ब्लॉक से खनिजों की डिस्पैच में कमी को लेकर भेजा गया है।

यह मामला 23 जुलाई 2023 से 22 जुलाई 2024 तक के चौथे साल के माइन डेवलपमेंट एंड प्रोडक्शन एग्रीमेंट (एमडीपीए) के तहत आता है। ओडिशा सरकार का कहना है कि कंपनी ने खनिजों की आपूर्ति में कमी की। जो मिनरल्स (अन्य एटॉमिक और हाइड्रोकार्बन एनर्जी मिनरल्स) कंसेशन रूल्स, 2016 के नियम 12ए का उल्लंघन है। इसमें परफॉर्मेंस सिक्योरिटी भी शामिल है।

सरकार ने क्या कहा- ओडिशा के सुकिंदा क्रोमाइट ब्लॉक में टाटा स्टील का बड़ा खनन क्षेत्र है। जिसे लेकर सरकार का दावा है कि कंपनी ने तय मात्रा में खनिज नहीं भेजे। जिसके लिए इस राशि की मांग की गई है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# आबकारी अधिकारी जगदीश राठी पर चलेगा केस, हाईकोर्ट ने लोकायुक्त की अपील स्वीकारी

इंदौर। भ्रष्टाचार एवं अनुपातहीन संपत्ति के मामले में तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त जगदीश राठी पर मुकदमा चलेगा। वर्षों पुराना केस कोर्ट और विभागीय कारणों से बंद पड़ा था। लंबी लड़ाई के बाद लोकायुक्त पुलिस को हाईकोर्ट से प्रकरण चलाने की अनुमति मिली है।

लोकायुक्त पुलिस ने वर्षों पूर्व जगदीश राठी के ठिकानों पर दबिश देकर आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था। लोकायुक्त ने 550 प्रतिशत की अनुपातहीन संपत्ति तो पकड़ी पर राठी ने हाईकोर्ट से प्रकरण के ट्रायल पर रोक लगवा ली।




दरअसल लोकायुक्त ने विवेचना के दौरान आबकारी विभाग से अभियुक्त के विरुद्ध चालान प्रस्तुत करने की अनुमति मांगी थी। विभाग ने लोकायुक्त के पत्र को नजरअंदाज करते हुए अभियोजन स्वीकृति नहीं दी। लोकायुक्त के पुनर्पत्राचार करने पर चालान की अनुमति मिल गई।

पुलिस ने निचली अदालत में चालान पेश कर दिया। राठी हाईकोर्ट पहुंचा और अभियोजन स्वीकृति को अवैध बताया।उसने कहा कि एक बार निरस्त करने पर आबकारी विभाग को कैबिनेट की स्वीकृति लेना आवश्यक है। हाईकोर्ट ने राठी की याचिका स्वीकारी और उसकी आपत्ति को सही ठहराया। यह प्रकरण बगैर ट्रायल के लंबित पड़ा रहा।

एसपी राजेश सहाय के मुताबिक लोकायुक्त संगठन की ओर से हाईकोर्ट में रिव्यु याचिका दायर की गई थी।कोर्ट ने लोकायुक्त का पक्ष सुनने के बाद ट्रायल की अनुमति दे दी।डीएसपी सुनील तालान के मुताबिक राठी के विरुद्ध नीचली अदालत में प्रकरण का ट्रायल चलाया जाएगा।

# प्रदेश में शुरू होगी राज्य स्तरीय लैब, अपराधियों को पकड़ना होगा आसान



भोपाल। साइबर अपराधियों के नए-नए तरीके पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए जो तरीके निकालती है, वे उससे आगे निकल जाते हैं और कोई रास्ता निकाल लेते हैं। पुलिस भी इन्हें पकड़ने और अपराध के तरीकों की तह तक पहुंचने के लिए डिजिटल फोरेंसिक में मालवेयर, क्रिप्टो और ड्रोन फोरेंसिक को भी शामिल करेगी। प्रस्तावित राज्य डिजिटल फोरेंसिक लैब में यह सुविधाएं रहेंगी। इससे मालवेयर और क्रिप्टो से साइबर धोखाधड़ी करने वालों को पकड़ना आसान हो जाएगा।साइबर मुख्यालय में यह लैब स्थापित की जाएंगी

राज्य साइबर मुख्यालय में यह लैब स्थापित की जाएंगी, इसमें साइबर विशेषज्ञों की टीम पदस्थ रहेगी। पहले इसमें सीडी, डीवीआर, सिम फोरेंसिक की जांच ही प्रस्तावित थी, पर अपराध के बदलते तरीकों को देखते हुए इसका विस्तार किया जा रहा है। यह लैब अगले वर्ष जनवरी-फरवरी तक प्रारंभ करने की तैयारी है। अभी इस लैब को स्टेट साइबर मुख्यालय के पास अलग से बनी बिल्डिंग में प्रारंभ किया जाएगा। बाद में अलग से भवन बनाया जाएगा।

**10 जिलों में साइबर फोरेंसिक लैब प्रारंभ की जाएगी**-इस लैब में साइबर विशेषज्ञों की टीम रहेगी, पद स्वीकृत होने पर इनकी अलग से भर्ती की जाएगी। इसके अतिरिक्त 10 बड़े जिलों में भी साइबर फोरेंसिक लैब प्रारंभ की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछले वर्ष नवंबर में साइबर मुख्यालय के निरीक्षण के दौरान साइबर अपराध रोकने के लिए अत्याधुनिक लैब प्रारंभ करने के लिए कहा था।मालवेयर फोरेंसिक

इसमें कंप्यूटर सिस्टम, नेटवर्क, मोबाइल या किसी अन्य डिजिटल डिवाइस में पाए गए मालवेयर (जैसे वायरस, वार्म, ट्रोजन, रैंसमवेयर आदि) की जांच की जाती है। इसमें पता लगाया जाता है कि सिस्टम में मालवेयर कैसे आया?, उसने क्या नुकसान किया, जैसे डेटा चोरी, फाइल डिलीट करना आदि। इसका उपयोग हैकिंग या अन्य किस तरह के अपराध के लिए किया गया या नहीं, कितना नुकसान हुआ।

# सिवनी में हादसा, सेप्टिक टैंक के अधूरे गड्ढे में डूबे 5 साल के जुड़वा बच्चे, मौत

सिवनी/केवलारी। जिले के केवलारी थाना अंतर्गत खापा गांव में खेलते-खेलते जुड़वा बच्चों की सेप्टिक टेंक के अधूरे गड्ढे में भरे वर्षा के पानी में डूबने से 5 जुलाई शनिवार शाम 4 बजे दुखद मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शव पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्ट मार्टम करने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केवलारी भेज दिए हैं।

थाना प्रभारी शिवशंकर रामटेक्कर ने बताया कि गांव के रामजी झारिया ने अपने घर के पीछे सेप्टिक टेंक का गड्ढा खोदा था, जिसमें शुक्रवार को हुई वर्षा के दौरान चार फिट तक पानी भर गया था।



शनिवार को खेलते-खेलते जुड़वा मासूम प्रबल (5) व प्रभात (5) घर के पीछे इस गड्ढे में गिर गए, जहां डूबने से दोनों की मौत हो गई।

काफी देर तक घर में बच्चों के दिखाई नहीं देने पर स्वजनों ने खोजा तो दोनों के शव सेप्टिक टेंक के गड्ढे में मिले। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह 28 जून को केवलारी के पाथरफोड़ी गांव में खेत के नाले में दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई थी। मृतक यश मसराम (7), प्रेम बरकड़े (8) मछली-केकड़ा पकड़ने खेत के नाले में गए थे।

# शहर से गांव तक बने बाढ़ जैसे हालात, कई रास्ते बंद, गाड़ियां पानी में डूबीं



शिवपुरी। शिवपुरी शहर सहित जिले में शुक्रवार को आधी रात के बाद लगातार हो रही बारिश सुबह नौ बजे तक लगातार जारी रही। जिले भर में आठ घंटे में औसत 42.44 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। इस बारिश ने शहर सहित कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात निर्मित कर दिए, जिससे लोग कुछ घंटों के लिए अपने घरों में कैद होकर रह गए। शहर की कई कॉलोनियां जलमग्न हो गईं।


रेलवे स्टेशन रोड पर वार्ड क्रमांक एक में नई पुलिस लाइन के पीछे बनी कालोनी पूरी कॉलोनी में कमर तक पानी भर गया, कई लोगों के घरों तक पानी पहुंच गया। पोहरी बस स्टैंड के पीछे मनीयर में पुलिया जलमग्न हो गई। वहीं रेलवे स्टेशन रोड पर पानी इतना ज्यादा था कि किसी नदी-नाले जैसा अहसास हो रहा था।

इसके अलावा कई पॉश कॉलोनियों में भी गलियों में पानी भर गया।बैराड़ के ग्राम जरिया में तो स्थिति यह बनी कि घरों के बाहर खड़ी गाड़ियां तक पानी में डूब गईं। इसके अलावा शहर के मनीयर, रातौर, पिपरसमां अंडर ब्रिज जलमग्न हो गए, जिसके कारण शहर आने के लिए लोगों को पांच से दस किमी का फेर खाकर आना पड़ा, हालांकि कुछ लोगों ने जोखिम उठाकर इन अंडर ब्रिज को क्रास करने का भी प्रयास किया। इसके अलवा पोहरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हर्रई में भी आवागमन का रास्ता जलमग्न हो गया।

# सोशल मीडिया पर 'लाइव' आकर युवक ने की आत्महत्या, मरने से पहले कहा- किसी से कोई प्यार न करे

सागर। मध्य प्रदेश के सागर जिले में प्रेम-प्रसंग के चलते एक युवक ने सोशल मीडिया (स्थ्र्ड्ड्य स्त्र्स्र्ड्ड) पर लाइव हो फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक के स्वजन ने सोशल मीडिया में सक्रिय छतरपुर की युवती की वजह से आत्महत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। इस मामले में अब खुदकुशी का वीडियो सामने आया है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है। लाइव आकर की आत्महत्या

वीडियो में युवक कहता नजर आ रहा है कि वह जीना नहीं चाहता है, इसलिए फंदा लगाकर जान दे रहा है। इसके बाद वह मोबाइल के सामने ही फंदा लगाते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो में युवक कह रहा है कि कभी कोई किसी से प्यार न करे लाइफ में, जो किसी को टाइम न दे सके। मेरे में टाइम नहीं है ज्यादा। आप लोग सब लाइव देखो, इतना कहकर युवक ने कैमरे के सामने ही फंदा लगाकर जान दे दी।मृतक के परिजन गए हुए थे बाहर



सानौधा थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी 20 वर्षीय राहुल पिता स्व. दीपराज अहिरवार ने 22 जून को रात करीब 10 बजे घर में रस्सी का फंदा लगाकर पंखे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय राहुल का भाई प्रशांत और मां रिश्तेदारी में जरुआखेड़ा गए हुए थे। राहुल के भाई प्रशांत ने राहुल को सोशल मीडिया पर लाइव आकर खुदकशी की बात करते हुए सुना भी, जिसके तुरंत बाद उसने जरुआखेड़ा से ही शाहपुर में वार्ड पार्षद को इसकी जानकारी दी। लेकिन तब तक राहुल आत्महत्या कर चुका था।

लड़की को मौत का जिम्मेदार ठहराया

मृतक के भाई ने छतरपुर की एक लड़की को राहुल की मौत का जिम्मेदार ठहराया है। उसने बताया कि लड़की राहुल के साथ मोबाइल पर बात करती थी और पिछले महीने दोनों उज्जैन घूमने गए थे। बाद में पता चला कि वह शादीशुदा है, जिसके बाद लड़की ने राहुल से बात करना बंद कर दिया। परिवार ने पुलिस से लड़की के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस वीडियो की जांच कर रही है और मृतक के परिवार के बयान ले रही है।



# इंदौर जिला खाद्य सुरक्षा में बना अग्रणी- ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता-4 में इंदौर देश में अव्वल



इंदौर। इंदौर जिला खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के क्रियान्वयन में अग्रणी बन गया है। इंदौर जिला ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता-4 में देश में अव्वल है। इसकी अधिकृत घोषणा शीघ्र ही होने वाली है। इंदौर को ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता में 200 में से 180 अंक मिले है। यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक में दी गई। बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन, खाद्य कारोबारियों के पंजीयन, प्रशिक्षण, निरीक्षण, नमूना संग्रहण, न्यायालयीन कार्रवाई और जनजागरूकता से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता की गतिविधियों में उल्लेखनीय सहयोग देने वाले संस्थानों और प्रतिष्ठानों को सम्मानित किया।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री मनीष स्वामी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और संस्थाओं के सदस्य मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि गत वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक 869 लीगल और 2481 सर्विलेंस नमूने लिए गए। जबकि जारी वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल से 30 जून 2025 तक 315 लीगल और 490 सर्विलेंस नमूने संग्रहित किए गए। वर्ष 2024-25 में 110 न्यायालयीन प्रकरण दायर किए गए। जिनमें 193 मामलों में निर्णय होकर एक करोड़ 88 लाख रूपये का अर्थदंड लगाया गया और 82 लाख 38 हजार रूपये की वसूली हुई। पंजीयन से 2 करोड़ 45 लाख रूपये (2024-25) और जारी वर्ष में 41 लाख 30 हजार रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

बैठक में बताया गया कि ईट राईट चैलेंज-4 के तहत इंदौर को 200 में से 180 अंक प्राप्त हुए। जिले में दो ईट राईट स्टेशन, दो स्ट्रीट फूड हब, नौ कैंपस, पांच स्कूल चिन्हित किए गए। 702 फूड हैंडलर्स को स्नश्नस्ञ्रड्डष्ट प्रशिक्षण दिया गया, चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से 2100 से अधिक खाद्य उत्पादों का परीक्षण हुआ और 85 जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता की गतिविधियों में उल्लेखनीय सहयोग देने पर फतेहाबाद-चंद्रावती गंज एवं गौतमपुरा रोड रेलवे स्टेशन, अन्नपूर्णा मंदिर एवं रंजीत हनुमान मंदिर, ग्रैंड शेरटन, रेडिसन, मैरियट होटल, गीता भवन हॉस्पिटल, रजत जयंती कॉम्प्लेक्स, द हब चौपाटी और चोइथराम नॉर्थ कैंपस, शासकीय सांदीपनि नवीन कन्या विद्यालय, शासकीय मिडिल स्कूल सुभाष नगर और शासकीय मिडिल स्कूल चितावद को ÷ईट राईट÷ गतिविधियों में सक्रिय सहयोग के लिए सम्मानित किया।

## पीथमपुर सेक्टर-7 में भू-स्वामियों को भूखण्डों का आवंटन

इन्दौर। मध्यप्रदेश निवेश क्षेत्र विकास नियम अन्तर्गत स्मार्ट इण्डस्ट्रीयल टाऊनशिप सेक्टर-7 का विकास कार्य एम.पी.आई.डी.सी. द्वारा किया जा रहा है। योजनान्तर्गत सम्मिलित भू-धारकों को आपसी सहमति के आधार पर भूमि का अर्जन लैण्ड पुलिंग पद्धति से किया जा रहा है। भू-धारकों से अर्जित भूमि के एवज में कलेक्टर गाईड लाईन की दो गुना मुआवजा राशि का भुगतान किया जाता है, जिसमें 20 प्रतिशत मुआवजा राशि का भुगतान नगद रूप में तथा बकाया शेष 40 प्रतिशत मुआवजा राशि के समतुल्य विकसित भूखण्ड उन्हें आवंटित किये जाने का प्रावधान है।

इस संबंध में श्री हिमांशु प्रजापति, कार्यकारी संचालक द्वारा अवगत कराया गया है कि स्मार्ट इण्डस्ट्रीयल टाऊनशिप सेक्टर-7 हेतु वर्ष 2021 में जिन भूमि धारकों से भूमि एम.पी.आई.डी.सी. द्वारा प्राप्त की जाकर विक्रयपत्र पंजीकृत किये गये थे। ऐसे शेष रहे भूमि धारकों को आज स्मार्ट इण्डस्ट्रीयल टाऊनशिप सेक्टर-7 में व्यावसायिक तथा रहवासी भूखण्डों का आवंटन का आयोजन सॉफ्टवेयर / लॉटरी के माध्यम से एम.पी.आई.डी.सी. क्षेत्रीय कार्यालय में सम्पन्न हुआ। श्री प्रजापति ने बताया कि उक्त प्रक्रिया के तहत कुल सात करोड़ 86 लाख 70 हजार 153 रूपये के कुल 02 व्यवसायिक तथा 78 रहवासी भूखण्डों का आवंटन किया गया है। श्री प्रजापति ने बताया है कि आगामी दिनों में वर्ष 2022 एवं 2023 के ऐसे भू-स्वामी, जिनके द्वारा एम.पी.आई.डी.सी. को भूमि सौंपी जाकर पंजीकृत विक्रय पत्र पंजीकृत किये गये हैं।

## नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन दर्ज करने के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

इंदौर। भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग म.प्र भोपाल के निर्देशानुसार जनजातीय एवं अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों का नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त के अनुसार इंदौर जिले में कुल 600 से अधिक शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयीन संस्था संचालित है, जिनमें लगभग 50 हजार से अधिक अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थी अध्ययनरत है।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जनजातीय कार्य विभाग के उपायुक्त श्री ब्रजेश पाण्डे सहित सहायक आयुक्त श्री नरेन्द्र सिंह भिड़े एवं सहायक आयुक्त सुश्री शिल्पा जैन, श्री संजय अठवाल, मास्टर ट्रेनर्स श्री पुष्पेन्द्र सिंह बैस एवं श्री संजय वर्मा ने ओ.टी.आर. रजिस्ट्रेशन, हेतु जिले के समस्त शासकीय /अशासकीय महाविद्यालयीन संस्थाओं के प्राचार्य/ संस्था प्रमुख, आई.टी.एक्सपर्ट कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया। साथ ही पोर्टल पर आवेदन दर्ज करने के संबंध में एवं सी.एम. हेल्पलाईन प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने हेतु परामर्श दिया गया।

# इंदौर जिले के 5312 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये खाते में आई 13 करोड़ 28 लाख रूपये की राशि

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 94234 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए 235 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि का अंतरण किया। इंदौर जिले के 5312 मेधावी विद्यार्थियों को कुल 13 करोड़ 28 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। प्रत्येक विद्यार्थी के बैंक खाते में 25 हजार रुपये की राशि सीधे जमा हुई।



इंदौर जिले का कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पार्क रोड इंदौर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में इंदौर विकासखंड के लगभग 700 लाभार्थी विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद श्री शंकर लालवानी ने की। मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन, क्षेत्रीय विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, क्षेत्रीय पार्षद श्री नंदकिशोर पहाड़िया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री भरत सिंह पटेल, प्रभारी संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग इंदौर श्रीमती अनिता चौहान, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय कुमार मंडलोई, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूजा सक्सेना भी उपस्थित थे। पात्र छात्रों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीकात्मक रूप से 25 हजार रूपये राशि के चेक प्रदान किए गए। सांसद श्री लालवानी ने अपने उद्बोधन में सभी पात्र विद्यार्थियों को बधाई व स्नेहाशीष प्रदान किया।

# शहरी टीकाकरण सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए कार्याशाला का आयोजन

इंदौर। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत Comprihensive Universal Immunization Program एवं Immunization Coverage Improvement Plan के संबंध में आज एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। NFHS-z सर्वे के अनुसार शहरी क्षेत्रों में पूर्ण टीकाकरण का कवरेज राष्ट्रीय एवं ग्रामीण औसत से कम होने की असमान प्रगति को समझने तथा नियमित टीकाकरण की वर्तमान स्थिति, प्रणाली में बाधाएं और खामियों को जानने के लिए Immunization Technical Support Unit MOHFW द्वारा इंदौर के शहरी क्षेत्र में 04 से 08 मार्च 2024 तक Comprihensive Universal Immunization Program (CUIP) Review किया गया था। CUIP द्वारा प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर आगामी कार्य योजना बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने कहा कि इंदौर शहरी क्षेत्र में भी टीकाकरण को सुदृढ़ बनाने हेतु हम मजबूत रणनीति के साथ काम करेंगे, शहरी क्षेत्र में टीककरण की पहुँच को बढ़ाने के लिए हमने 04 मॉडल टीकाकरण केन्द्रों की स्थापना की है, जिसे कि राज्य ने भी एक मॉडल के रुप में स्वीकार किया है। इंदौर शहरी क्षेत्र में भी हम टीकाकरण का कवरेज राष्ट्रीय और ग्रामीण औसत के बराबर लाएंगे और इस कार्य शाला से प्राप्त निष्कर्षों का प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे।

## इंदौर स्मार्ट सिटी हैकाथॉन 2025 प्रतियोगिता में विजेताओं को मिलेंगे लाखों रुपये के पुरस्कार

इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर ने एक और स्मार्ट पहल की है। इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड द्वारा आयोजित ÷इंदौर स्मार्ट सिटी हैकाथॉन 2025 का शुभारंभ किया जा रहा है। यह आयोजन इंदौर को नवाचार हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो युवाओं को तकनीकी समाधान प्रस्तुत करने का अवसर देगा और प्रशासनिक तंत्र को और अधिक स्मार्ट एवं उत्तरदायी बनाएगा। इस नवाचार-आधारित प्रतियोगिता का उद्देश्य उभरती तकनीकों के माध्यम से शहरी सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाना है। इस राष्टस्तरीय हैकाथॉन में देशभर से छात्रों, स्टार्टअप्स, तकनीकी विशेषज्ञों और डेवलपर्स को आमंत्रित किया गया है। प्रतिभागियों को तीन प्रमुख शहरी चुनौतियों - जनसुनवाई शिकायत निवारण, भूमि अतिक्रमण की निगरानी और साइबर क्राइम जांच पर व्यावहारिक तकनीकी समाधान प्रस्तुत करेंगे।

हैकाथॉन-2025 के तहत जनसुनवाई शिकायत निवारण प्रणाली में AI आधारित शिकायत वर्गीकरण, SLA ट्रैकिंग, विभागीय डैशबोर्ड, बहुभाषी संवाद और फीडबैक एनालिटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी व दक्ष बनाया जाएगा। भूमि अतिक्रमण निगरानी के लिए GIS मैपिंग, ड्रोन सर्वे, सैटेलाइट इमेजरी, AI/ML आधारित परिवर्तन विश्लेषण, रियल टाइम अलर्ट सिस्टम और भूमि अभिलेखों के एकीकरण जैसे समाधान विकसित किए जाएंगे। साइबर क्राइम जांच में एआई आधारित डिजिटल जांच प्लेटफॉर्म, VPN/Tor ट्रेसिंग टूल्स, रियल-टाइम कंप्लेंट मॉनिटरिंग सिस्टम और नागरिकों के लिए रिपोर्टिंग व ट्रैकिंग ऐप्स जैसी सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा।

इस हैकाथॉन में आईटी और एआई क्षेत्र के विशेषज्ञ, नवाचारकर्ता और तकनीकी विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय कामकाज में तकनीकी नवाचार के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। कार्यक्रम के माध्यम से अवैध निर्माण को रोकने, सतत निगरानी, जनसुनवाई प्रणाली को प्रभावी बनाने और साइबर फ्रॉड की रोकथाम जैसे विषयों पर व्यावहारिक सुझाव और समाधान आमंत्रित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इंदौर में शासन की कई योजनाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित की जा रही हैं और इनकी दक्षता बढ़ाने के लिए तकनीकी नवाचार आवश्यक हैं। हैकथॉन के माध्यम से स्मार्ट और सुरक्षित इंदौर की दिशा में प्रशासन ठोस पहल करेगा। यह हैकाथॉन न केवल तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि शासन की पारदर्शिता और जनहित सुनिश्चित करने की दिशा एक बड़ी पहल है।

# लैपटॉप की योजना जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिये होगी वरदान- मंत्री श्री सिलावट

इंदौर। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं स्कूली शिक्षा मंत्री श्री उदयप्रताप सिंह की उपस्थिति में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु राशि का अंतरण कार्यकम कुशाभाउ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर मिन्टो हॉल भोपाल में आयोजित किया गया। जिसमें योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 94234 विद्यार्थियों को लैपटाप कय हेतु प्रति विद्यार्थी 25 हजार उनके बैंक खाते में सिंगल क्लिक से जमा की। मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट सांवेर में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इन्दौर जिले में 5312 विद्यार्थियों को तेरह करोड अठाईस लाख रूपये खातें में अंतरित हुए।

सांवेर विधानसभा क्षेत्र में 431 विद्यार्थियों के खाते में एक करोड 7 लाख 75 हजार की राशि प्राप्त हुई। सांवेर में उक्त कार्यक्रम में राशि प्राप्त होते ही 500 से अधिक छात्रों और पालकों सहित गुरूजनों के चेहरे प्रशंसा से खिल उठे। इस दौरान गरीब विद्यार्थियों के पालकों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि यह लैपटॉप हमारे बच्चों के उच्च शिक्षा अध्ययन में सहयोगी होगे। आगे की उच्च तकनीकी शिक्षा के लिए यह लैपटॉप वरदान साबित होगा।

श्री सिलावट ने बताया कि सांवेर विधानसभा के ग्राम चित्तौडा की कु. दैव्यानी पिता राकेश चौहान को सर्वाधिक 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर उसके माता-पिता और गुरूजनों को सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्री भारतसिंह, श्री दिलीप चौधरी, श्री अंतरसिंह दयाल, श्री संदीप चंगेडिया, जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामकन्या मानसिंह चौहान, श्री जितेन्द्र प्रजापत, जनपद सीईयो श्रीमती कुसुम मंडलोई, प्राचार्य श्री सरवैया एवं शिक्षक श्री संजय घोडेला उपस्थित रहे।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# उज्जैन, दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश में शीर्ष पर पहुंचेगा-निगम सभापति कलावती यादव

## विक्रम विश्वविद्यालय में जल्द ही डेयरी टेक्नोलॉजी से जुड़े अनेक कोर्स शुरू किए जाएंगे

उज्जैन। जिस प्रकार इंदौर ने स्वच्छता में पहला स्थान प्राप्त किया है, उसी प्रकार उज्जैन, दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश में शीर्ष पर पहुंचेगा,मालवा क्षेत्र पारंपरिक रूप से पशुपालन और दुग्ध उत्पादन में अग्रणी रहा है। एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन की सफलता का उल्लेख होता है और बच्चों में भी आज स्वच्छता के प्रति जागरूकता आई है, उसी तरह डेयरी सेक्टर में भी सजगता आवश्यक है।




नगर निगम उज्जैन की सभापति श्रीमती कलावती यादव ने इंडियन डेयरी एसोसिएशन पश्चिम क्षेत्र एवं विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में मध्य प्रदेश में डेयरी विकास संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ विषय पर विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उपरोक्त उद्गार व्यक्त किये ।यह आयोजन 44 वर्षों बाद किया गया,इसमें पश्चिम क्षेत्र के 5 राज्यों की भागीदारी रही। संगोष्ठी में देशभर के दुग्ध उत्पादकों के साथ कपनियों,मैनेजमेंट के अलावा तकनीकी क्षेत्रों के विशेषज्ञों की सहभागिता रही।

अपने संबोधन में निगम सभापति श्रीमती यादव ने मालवा क्षेत्र की पारंपरिक दुग्ध-प्रधान संस्कृति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, मालवा की धरती डग-डग रोटी, पग-पग नीर की तरह ही पशुपालन और दुग्ध उत्पादन में भी समृद्ध रही है। यह हमारी विरासत है और इसका आधुनिकीकरण समय की मांग है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान की तुलना करते हुए कहा कि जैसे स्वच्छता की चेतना देश में आई, वैसे ही अब डेयरी के क्षेत्र में जागरूकता लाना आवश्यक है।

श्रीमती यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि उज्जैन भी जल्द ही दुग्ध उत्पादन में प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा।उन्होंने अपने पारिवारिक अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके पिता ने 100 वर्ष की आयु तक नियमित रूप से दूध का सेवन किया और उनके पति, जो हृदय रोगी थे, वे भी दूध का नियमित सेवन करते रहे। उन्होंने कहा कि गाय के दूध और घी का उपयोग औषधि की तरह किया जाता रहा है और आज भी इसकी प्रासंगिकता बनी हुई है।

# बाल आयोग पहुंचा सेवाधाम-आश्रम में बच्चों के हितार्थ किए जा रहे सेवा कार्यों से पूर्ण संतुष्टि हुई



उज्जैन। मानव सेवातीर्थ अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य औंकार सिंह एवं श्रीमती निवेदिता शर्मा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ रात्रि में अचानक पहुंचकर आश्रम द्वारा संचालित श्रीरामकृष्ण बालगृह एवं माँ शारदा बालिका गृह का अवलोकन कर विशेष बच्चों से मुलाकात एवं उनकी जानकारी प्राप्त कर बातचीत की।

आश्रम संस्थापक सुधीर भाई ने आश्रम में संचालित विभिन्न सेवा गतिविधियों, व्यवस्थाओं सहित आवासीय सुविधाऐं, फिजीयोथैरेपी सेंटर, दिव्यांग बच्चों हेतु नवीन आवासीय और विद्यालय भवन, चिकित्सकीय सुविधाऐं सहित विभिन्न प्रकल्पों का अवलोकन कराया। आयोग के सदस्यगण तीन घण्टे से अधिक समय आश्रम में रहे। उनके स्वास्थ से सम्बंधित जानकारी लेकर परिसर में बच्चों के लिए पेरामेडिकल टीक सक्रिय मिली, सभी भवनों में साफ सफाई के साथ स्वच्छता का ध्यान रखा पाया, परिसर में पर्यावरण को ध्यान में रखकर हरे वृक्ष लगाकर हरियाली है, बच्चों के देखभाल के लिए केयर टेकर सक्रिय थे, गृह की व्यवस्था से संतुष्ट है। इस अवसर पर सदुरू स्वाध्याय मंदिर में सदुरूदेव के समक्ष विकास दीप प्रज्वलित कर मंगल तिलक, दुपट्टा व मालवी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। आश्रम के विशेष बच्चों द्वारा बनाई गौ गव्य से हस्तशिल्प भेंट की।

श्रीमती निवेदिता शर्मा ने पूर्व में एक दिव्यांग बालिका को सेवाधाम भेजा था उनसे मिलकर दोनों भावुक हो गए।

आयोग के सदस्य औंकार सिंह ने कहा कि हम रात्रि में अचानक पहुंचे एवं सेवाधाम परिसर में समस्त भवनों में निवासरत बालक एवं बालिकाओं से मुलाकात और उनके सम्बंध में जानकारी ली,

# रोप-वे प्रोजेक्ट के शीघ्र निर्माण हेतु मुख्यमंत्री और गडकरी को पत्र

उज्जैन। संस्था सजग उज्जैन के महासचिव सन्तोष सुपेकर ने उज्जैन की बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित रोप-वे परियोजना के जल्द निर्माण को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। संस्था के सचिव सतीश मेहता ने बताया कि पत्रानुसार रोप-वे योजना को घोषित हुए तीन वर्ष से अधिक समय हो चुका है, इसको बहुप्रचारित भी किया गया है।

लेकिन अब तक इसका जमीनी कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। उज्जैन और देश की जनता सिंहस्थ में इस रोप-वे की रोमांचक सवारी द्वारा बाबा के दर्शन के लिए बेताब है।

# नृत्य नाद गुरुपूर्णिमा महोत्सव, संस्कृति में समर्पण की झलक




उज्जैन। वेणुनाद निनाद नृत्य संस्थान एवं सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नृत्य नाद गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत भिन्न-भिन्न विधा में नृत्य कला का प्रदर्शन विभिन्न स्कूल छात्राओं द्वारा किया गया।

अक्षत इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। विजेताओं को पुरूस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी मुख्य अतिथि डीआईजे नवनीत भसीन एवं विशेष अतिथि पुरातत्व विद डॉक्टर रमन सोलंकी द्वारा विश्वविध्यालय कुलपति डॉ. अर्पण भारद्वाज, कार्यक्रम संयोजक राजेश सिंह कुशवाह एवं निनाद अकादमी की निदेशिका पलक पटवर्धन की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर नृत्य गुरु मौसमी साहा का भी सम्मान किया गया। विद्यालय प्रमुख आनंद पंडया द्वरा विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया।

# मप्र लघुवेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष को भोपाल जाकर बताई कर्मचारियों की समस्याएं



उज्जैन। मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा से उज्जैन जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने भोपाल में भेंट की तथा आदिम जाती कल्याण विभाग के कर्मचारियों एवं अन्य कर्मचारियों की समस्याओ से अवगत कराते हुये ज्ञापन दिया गया।

इस दौरान कार्यभारित आकस्मिकता के कर्मचारियों का नगदी करण, कलेक्टर द्वारा परामर्श दात्री की बैठक, अंशकालीन कर्मचारियों का स्थाई से नियमित करना, अंशकालीन कर्मचारियों का वेतन समय पर नहीं मिलना, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बनाना सहित अन्य मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान उज्जैन इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य की कूटनीति के बारे मे प्रांतीय अध्यक्ष को बताया गया। प्रांतीय अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि सभी कर्मचारियों की समस्याओ का बहुत जल्दी निराकरण करवा दिया जायेगा और कूटनीति करने वाले प्राचार्य पर जल्दी कार्यवाही की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि उज्जैन इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य जे.के. श्रीवास्तव ने पांच दिन के अन्दर आउट सोर्स कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन और एरियर राशि व बोनस, पी. एफ. अन्य मांगो को पूर्ण करने को कहा गया था लेकिन आज तक एक भी मांग पुरी नहीं की गई है। इंजीनियरिंग कालेज परिसर मे चतुर्थ श्रेणी के आवास रिक्त पड़े हुये थे जो कोई काम के नहीं थे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने प्राचार्य से मौखिक बात करके रिक्त आवासो की चाबी ली गई थी और आवासो मे कर्मचारियों द्वारा रिपेरिंग किये गये रिपेरिंग का खर्च 15 से 20 हजार रु लगाने के बाद उन आवासो का उपयोग कर रहे है लेकिन प्राचार्य की द्वेषता की भावना से आवासो को खाली करने के लिये कहा गया है यह गलत है। कर्मचारियों ने कहा कवे अपने पद का दुरूपयोग न करें। इस अवसर पर उपस्थित हेमराज घावरी उज्जैन जिला अध्यक्ष, मुकेश रायकवार उज्जैन जिला सचिव, ज्ञानेंद्र पाण्डेय प्रांतीय सचिव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने दी।

उज्जैन इंजीनियरिंग कालेज के आउट सोर्स कर्मचारी 2024 से मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन मे सम्मिलित हुये है जो वार्षिक सदस्यता शुल्क 100 रु जमा की गई है नाम की लिस्ट अंकित है ऐसे अन्य नियमित कर्मचारियों की भी लिस्ट अंकित है एवं उज्जैन जिले से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सदस्यता शुल्क प्रांतीय कार्यालय भोपाल मे जमा की गई है।

# 10 जुलाई से 4 अगस्त तक मनाएंगे श्रावण एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव



उज्जैन। महाकाल नगरी उज्जैन में श्री श्री 1008 वरिष्ठ महामण्डलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरीजी महाराज पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सानिध्य में 10 जुलाई से 4 अगस्त तक श्रावण महोत्सव एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा।

श्रावण महोत्सव व्यवस्था प्रमुख महंत आदित्य पुरी महाराज (राजा भैया) एवं सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि महोत्सव में महामृत्युंजय महाकाल अर्जीवाले हनुमान मंदिर प्रांगण बड़नगर रोड़ पर महारूद्राभिषेक एवं सत्संग प्रवचन 10 जुलाई से 4 अगस्त तक प्रातः 10 बजे से एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव में 10 जुलाई गुरुवार को प्रातः 9 बजे से नामदान एवं गुरुमंत्र दीक्षा, सत्संग प्रवचन प्रातः 10 बजे से होंगे तदउपरांत भोजन प्रसादी का आयोजन होगा। नागपंचमी पर विशेष कालसर्प दोष पूजन 29 जुलाई को प्रातः 8 बजे से महामृत्युंजय महाकाल अर्जीवाले हनुमान मंदिर प्रांगण बड़नगर रोड़ पर होगा। श्रावण मास में मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली, मुक्ति, भक्ति, मोक्ष एवं संसार रूपी भवसागर से पार कराने वाली श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन 25 जुलाई से 31 जुलाई तक दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक नक्षत्र होटल, सेन्टपॉल स्कूल के पास होगा। जिसके मुख्य यजमान अग्रवाल परिवार होंगे वहीं 7 दिनों तक भक्तों को स्वामी प्रेमानंद पुरीजी महाराज कथा का रसपान कराएंगे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com